सिटी बाइट्स

पूर्व सैनिकों की पेंशन व समस्याओं का हुआ समाधान

जमशेदपुर .भारतीय नौसेना के कमांड रेजिमेंटल सिस्टम ऑफिस कोलकाता के तत्वावधान में बुधवार को सोनारी स्थित आर्मी कैंप के फैमिली वेलफेयर सेंटर में नौसैनिक मिलन सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें सीआरएसओ प्रतिनिधि मास्टर एट आर्म्स आशीष प्रताप सिंह और लीडिंग सीमैन परवेज अख्तर शामिल हुए. उन्होंने पूर्व नौसैनिकों के परिजनों को नौसेना द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी. इस दौरान पूर्व सैनिकों की पेंशन व व्यक्तिगत समस्याओं को सुना गया. उनके समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिये गये. कार्यक्रम के दौरान शौर्य चक्र (मरणोपरांत) विजेता लेफ्टिनेंट कमांडर मनोरंजन की माता रुक्मिणी देवी की समस्याओं पर खास चर्चा हुई. मिलिट्री स्टेशन के एडम ऑफिसर ने उनकी शिकायत की प्रतिलिपि सीआरएसओ प्रतिनिधियों को सौंपी. इस दौरान आयोजन में योगदान देने के लिए कर्नल तौकीब मुंतखाब, सूबेदार मेजर हेम सिंह, सुशील कुमार सिंह, डॉ कमल शुक्ला, दिनेश सिंह जायसवाल, रमेश कुमार और हरिशंकर सिंह को सम्मानित किया गया. पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम के हरेंद्र शर्मा व ऑनरेरी सब लेफ्टिनेंट डीएन सिंह ने सीआरएसओ प्रतिनिधियों का स्वागत किया.

अंतरविद्यालय प्रतियोगिता में दिखा युवाओं का हुनर

जमशेदपुर. बेलडीह स्थित चर्च स्कूल परिसर में आयोजित दो दिवसीय अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता "कांकक्रिएटाडोर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ बेलडीह बैपटिस्ट चर्च के पादरी रेवरेंड मनोज चरण की प्रार्थना से हुआ. इसके बाद मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, मानद स्कूल सचिव अविनाश कुमार दास, प्रधानाचार्या एस्तर मोहंती और उप-प्रधानाचार्या प्रोमिला जोशुआ ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया. मौके पर सीनियर को-ऑर्डिनेटर वी प्रशांता कुमारी, मिडिल को-ऑर्डिनेटर मिनोती दास, प्राइमरी को-ऑर्डिनेटर पी. लीसी और प्री-प्राइमरी को-ऑर्डिनेटर संजीव कुमार दास भी उपस्थित थे. दो दिनों तक चली इस स्पर्धा में शहर के 06 प्रमुख स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता के तहत स्वयं, फोकल पैराडॉक्स, चासक्वेयर, एरुम, डोमिनस एरिना, वॉली साइन, हार्मनी, इम्पिस एटर्नम, स्क्विड गेम और पैंडोरा एबिलिटा जैसी 10 रोमांचक स्पर्धाएं आयोजित की गयी.

चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

जमशेदपुर .आम आदमी पार्टी (आप), पूर्वी सिंहभूम जिला इकाई की ओर से बुधवार को न्यू बारीडीह चौक पर महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया. पार्टी के जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात कर जनहित और देश के वीरों के सम्मान से जुड़े इस विषय पर त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया. पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह 11:30 बजे पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारी संख्या में उपायुक्त कार्यालय पहुंचे. सभी ने एक स्वर में बारीडीह चौक पर शहीद की आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग दोहरायी.

सैल्यूट तिरंगा की प्रदेश कार्यसमिति का गठन

जमशेदपुर .सैल्यूट तिरंगा के झारखंड प्रदेश की नयी कार्यसमिति का गठन किया गया. नयी टीम में नागेंद्र नाथ बलियासे, रवि पांडेय और शेखर मंडल को प्रदेश उपाध्यक्ष, पंकज सोनी व बॉबी पांडेय को प्रदेश महामंत्री तथा रुद्र शंकर शर्मा को प्रदेश संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी दी गयी. वहीं अमित कालिंदी, करण पाठक और उत्तम साह को प्रदेश मंत्री, कंचन कुमार नाग को प्रदेश सह मंत्री और युवा मोर्चा की जिम्मेदारी, विनोद कुमार रानी को प्रदेश प्रवक्ता, राहुल गुप्ता को प्रदेश आइटी सेल प्रभारी, प्रकाश नाग कालिंदी को प्रदेश मीडिया प्रभारी तथा नीरज सिंह चंद्रवंशी को प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया. प्रदेश अध्यक्ष रवि शंकर तिवारी ने कहा कि नयी टीम के गठन का मकसद झारखंड के प्रत्येक क्षेत्र में संगठन की गतिविधियों को विस्तार देना और राष्ट्रहित, समाजसेवा व जनकल्याण के कार्यों को मजबूती के साथ आगे बढ़ाना है. राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेश झा, प्रमोद मिश्रा, मुनी झा, डॉ एके लाल, बबली सिंह, डॉ संजय गिरी सहित सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने नयी टीम को बधाई दी. ममता गुप्ता को महिला मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया. इसी प्रकार जेपी अग्रवाल को धर्म एवं संस्कृति प्रकोष्ठ, संजय रानी को सेवा प्रकोष्ठ तथा बिजेंद्र पांडेय को विधि प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तरीय जिम्मेदारी दी गयी.

आसेका का प्रांतीय महाधिवेशन 11 और 12 अक्तूबर को

जमशेदपुर.आदिवासी सोशियो कल्चरल एसोसिएशन (आसेका) झारखंड का दो दिवसीय प्रांतीय महाधिवेशन व सांस्कृतिक महोत्सव 11 और 12 अक्तूबर को माझी परगना महाल, घाटशिला में आयोजित होगा. महाधिवेशन को लेकर बुधवार को तैयारी बैठक महासचिव शंकर सोरेन की अध्यक्षता में हुई. महाधिवेशन में प्रथम दिन ध्वजारोहण के बाद पंडित रघुनाथ मुर्मू के दर्शन व ओलचिकी के आधुनिकीकरण पर सेमिनार , दूसरे दिन संताली भाषा व ओलचिकी लिपि के समृद्ध व विकसित बनाने में योगदान देने वाले लोगों को "आसेका रत्न"से सम्मानित किया जायेगा. बैठक में आसेका के अध्यक्ष सुभाष चंद्र मार्डी, संघ के महासचिव शंकर सोरेन, मेघराय टुडू, कनाई लाल हेंब्रम, सलखू मुर्मू, कृष्ण चंद्र हेंब्रम, सावना हांसदा आदि उपस्थित थे.

एमजीएम. अधीक्षक से लोगों ने की शिकायत, कहा

समय पर नहीं मिल रहा है जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र

वरीय संवाददाता ,जमशेदपुर

एमजीएम अस्पताल में जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र समय पर नहीं बनने से लोगों को परेशानी हो रही है. बुधवार को लोगों ने इसकी शिकायत अस्पताल के अधीक्षक डॉ. बलराम झा से की.

लोगों ने बताया कि प्रमाणपत्र बनवाने के लिए उन्हें दो से तीन माह तक दौड़ना पड़ रहा है. मामले की गंभीरता से लेते हुए अधीक्षक ने सभी लंबित आवेदनों की जांच कर जल्द प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश दिया. उन्होंने कर्मचारियों को कहा कि अस्पताल में जन्म लेने वाले बच्चों के परिजनों को छुट्टी के दिन ही जन्म प्रमाणपत्र उपलब्ध कराये जाये. इसमें लापरवाही की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जायेगी. कर्मचारियों ने बताया कि अस्पताल में जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए प्रतिदिन करीब 20 से 25 आवेदन आते हैं, जिसके कारण काम का दबाव रहता है.

अस्पतालों और सीएचसी में खराब पड़ी एंबुलेंसों की सीएस ने मांगी रिपोर्ट, जल्द होगी मरम्मत

जमशेदपुर. जिले के सभी अस्पताल व केंद्र प्रभारियों से सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल ने एंबुलेंस की वर्तमान स्थिति का पूरा ब्योरा मांगा है. प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने क्षेत्र में संचालित और खराब पड़ी एंबुलेंस की विस्तृत सूची जल्द उपलब्ध कराये. कहा कि सभी केंद्रों से रिपोर्ट मिलते ही खराब वाहनों की मरम्मत का कार्य शुरू कराया जायेगा. उन्होंने कहा कि अक्सर एंबुलेंस न मिलने या उसके खराब होने के कारण परिजनों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है. साथ ही सिविल सर्जन ने सहिया, एएनएम को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रसव के पूर्व जांच को सुनिश्चित करने के साथ ही संस्थागत प्रसव तथा टीकाकरण की गति बढ़ाने का निर्देश दिया है.

एमजीएम की बदहाली पर स्वास्थ्य मंत्री से मांगा इस्तीफा

जमशेदपुर . झारखंड मानवाधिकार सम्मेलन के केंद्रीय अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने एमजीएम अस्पताल की बदहाली पर चिंता जताते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से इस्तीफे की मांग की है. उन्होंने कहा कि 500 बेड के अस्पताल में केवल 150 बेड तक ही ऑक्सीजन पाइपलाइन है. मेडिसिन विभाग में 300 मरीजों पर मात्र 120 बेड उपलब्ध हैं. 108 एंबुलेंस, ममता वाहन की बदहाली के कारण प्रसव पीड़ा से जूझती महिलाओं को रास्ते में बच्चे जनने पड़ रहे हैं. उन्होंने कहा कि आज एमजीएम अस्पताल मरीजों का इलाज करने के बजाय खुद गंभीर मरीज बनकर आइसीयू में पहुंच चुका है.

जुगसलाई में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की मांग

जमशेदपुर. जमशेदपुर थोक वस्त्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष अनिल मोदी ने जुगसलाई में लगातार हो रहे जाम पर चिंता व्यक्त की है. उन्होंने प्रशासन से जुगसलाई ओवरब्रिज से मारवाड़ी पाड़ा रोड तक वन-वे सिस्टम , ग्वाला पाड़ा रोड को तत्काल अतिक्रमणमुक्त कराकर वन-वे करने, प्रमुख चौक-चौराहों पर अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती करने, बाजार क्षेत्र में अनियंत्रित पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई करने की मांग की.



AGNIVEER RECRUITMENT RALLY

It is intimated that Agniveer Recruitment Rally is being conducted by Army Recruiting Office, Siliguri at Balurghat Stadium, Dakshin Dinajpur with effect from 03-10 October 2026.

97(3)/ADVT/DICO/JAL, Dated: 02/09/2026

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

JALPAIGURI ZILLA PARISHAD
JALPAIGURI
Memo. No. 406/Eng, Date: 02.09.26
e-Tender Notice

e-Tender of **NIT No. WBZP/06- DE/ILP/ 26-27 for 32(Thirty Two) Nos. works** vide Tender ID No.2026_ZPHD_5021490_1 to 32 is invited. Details may be seen in at our website: **www.wbtenders.gov.in** & simultaneously this office Notice Board during working hours.

Sd./-
District Engineer
Jalpaiguri Zilla Parishad

Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Ranchi Smart City Corporation Limited
2nd Floor, JUPMI Building, Dhurwa, Ranchi- 834004
E-mail: ranchismartcity@gmail.com | Phone: +91 651 244 6666

Very- Short Notice Inviting Tender

NIT No.: **RSCCL/IND AS/383/2026/16** Date: 01.09.2026

1.	Name of the work	Appointment of Professional Consultant for Implementation of Indian Accounting Standards (Ind AS), FY 2024-25,2025-26.
2.	Mode of Bid Submission	e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in)
3.	Tender Fee and Earnest money	Tender document fee: Rs 5,900/-(including 18% GST) (Rupees Five Thousand nine hundred only) Non-Refundable. Earnest Money: Rs.50,000.00 (Rupees Fifty Thousand Only)
4.	Contract Period	04 (four) Months
5.	Date/Time of Publication of Tender on Website	03.09.2026
6.	Date/Time of Start of Submission of Bids	04.09.2026 at 10.00am
7.	Last Date /Time of Bid Submission	19.09.2026 UpTo 5.00pm
8.	Date / Time of Bid Opening	21.09.2026
9.	Name and Address of office inviting Tender.	Ranchi Smart City Corporation Limited 2nd Floor, JUPMI Building, Dhurwa, Ranchi-834004
10.	Helpline No. of e-Procurement Cell	ranchismartcity@gmail.com, 0651-2446666, +91 7667032793

Note: Only e-tenders will be accepted.

-Sd/-
Chief Finance Officer,
RSCCL.

PR 388840 (Urban Development) 26-27 (D)

Directorate of Agriculture, Jharkhand
Department of Agriculture, Animal Husbandry & Cooperative,
Government of Jharkhand
1st Floor, Krishi Bhawan, Laxmi Niwas, Kanke Road, Ranchi, Jharkhand-834008
Email:directorateagriculturejh@gmail.com Phone No. – 0651-2230691

Tender- Notice

e-Tender No.: 02/Scheme/KP/95/Agri. Dir/2025-26 3550 Ranchi, Date:02/09/2026
E-tender in one Part (Technical and Commercial) is invited from the Tenderers.

Sl. No.	Particular	Details
1	Name of the Department	Department of Agriculture, Animal Husbandry and Co-operative, Government of Jharkhand
2	RFP No.	Agri/05/2026-27
3	Name of Service	Request for Proposal (RFP) for Selection of Eligible Agencies to Implement & Manage Krishak Pathshala and Birsa Gram under Samekit Birsa Gram Vikas Yojana Sub Krishak Pathshala Yojana in Jharkhand
4	Tender Value (Tentative)	INR 3.13 crore (Three Crore and Thirteen lakh approx.)
5	Method of Selection	Quality Based Selection (QBS) Method
6	Date of publication of NIT & Availability of RFP Document	On Newspaper – 03/09/2026 & At e-procurement portal & sameti.org - 03/09/2026
7	Pre-Bid Query Submission Deadline	At email id- directorateagriculturejh@gmail.com, Last Date as per Portal, tentative 07/09/2026 till 06:00 PM
8	Pre-Bid Meeting Date (Hybrid Mode)	08/09/2026 & Link Will be provided through website sameti.org at 03:00 PM
9	Last Date for submission of Bid	25/09/2026 or as per e-procurement portal & sameti.org
10	Date of opening of Technical Proposal	28/09/2026 or as per e-procurement portal & sameti.org
11	Bid Processing Fee	Not Applicable
12	Earnest Money Deposit (EMD) (Refundable)	Rs. 6,30,000 (Rupees Six Lakh Thirty Thousand only) through https://jharkhandtenders.gov.in/ portal only.
13	Performance Bank Guarantee (PBG)	5% of Estimated Project Cost
14	Tender Inviting Authority & Address for Communication	Director, Directorate of Agriculture, Krishi Bhawan, Kanke, Ranchi Jharkhand, 834008
15	Mode of Submission of Proposal	Online through e-procurement portal https://jharkhandtenders.gov.in only
16	Period of Engagement	5 Years
17	Area of Krishak Pathshala (Farm)	Approx 25 Acre
18	Contact Details	Shri Abhishek Kumar Singh- 9279999948

All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the e-procurement portal https://jharkhandtenders.gov.in & Sameti.org Website only. DoA, Jharkhand reserves the right to cancel this invitation and/or invite fresh Bid with or without amendments to this invitation, without liability or any obligation for such invitation and without assigning any reason.

Sd/-
Director Agriculture,
Jharkhand, Ranchi

PR 388831 (Agriculture) 26-27 (D)

बैंक ऑफ़ इंडिया
Bank of India BOI

बैंक ऑफ़ इंडिया, आस्ति वसूली विभाग (ARD)
जमशेदपुर क्षेत्र, द्वितीय तल, बैंक ऑफ इंडिया बिल्डिंग, मेन रोड
बिष्टुपुर, जमशेदपुर – 831001
ई–मेल : **ARD.Jamshedpur@bankofindia.bank.in**

ई–नीलामी बिक्री सूचना
ई–नीलामी की तिथि : 25.09.2026

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पढ़ा जाता है के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना । एतद द्वारा जन साधारण को सामान्यतः एवं ऋणियों, सह–ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेष तौर पर सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न वर्णित बंधक / प्रभारित सम्पत्तियों जो **बैंक ऑफ़ इंडिया** सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी ने सांकेतिक कब्जे में लिया है, इसकी "ई–नीलामी" द्वारा ""जहाँ है, जैसी है, जो कुछ भी है" के आधार पर **बैंक ऑफ़ इंडिया** सुरक्षित ऋणदाता की बकाया राशि वसूली के लिए विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। सम्पत्तियों का विवरण, आरक्षित मूल्य एवं अग्रधन जमा राशि (**EMD**) का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	(ए) चुकौत ऋणदाता का नाम एवं पता (बी) ऋणकर्ता / सह–ऋणकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता	अचल सम्पत्तियों का विवरण द्वारा भार के साथ	बकाया राशि	1. आरक्षित मूल्य 2. अग्रधन जमा राशि (EMD) 3. बोली वृद्धि राशि
1.	(ए) **बैंक ऑफ़ इंडिया, जमशेदपुर शाखा** (बी) **मेसर्स राजस्थान मार्बल्स** भागीदार: श्री दीपक कुमार सिंह, निवासी– मानसी, हिल नं. काँकोसी, शिव काली मंदिर के समीप, एमजीएम, मानसी, जमशेदपुर, थाना–मानसी, जिला–पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड, **जमानतदार: कैलाशी चंद्र सिंह**, पत्नी श्री दीपक कुमार सिंह, अविनाश रोड, रोड नंबर 2, डिग्निटा रोड, वार्ड संख्या 9 (एमएनएसी) मानसी, राजबाला मार्बल्स के समीप, जमशेदपुर, जिला – पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड	खाता संख्या 14, उत्तरी प्लॉट संख्या 4467, मौजा – मानसी, थाना संख्या 1642, वार्ड संख्या 09, थाना – मानसी, अधिनाथ नगर, रोड संख्या 2, जिला – पूर्वी सिंहभूम में स्थित लगभग 2000 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली आवासीय संपत्ति, जो श्रीमती मंजू सिंह (पत्नी श्री दीपक कुमार सिंह) के नाम पर बिक्री पिलेख संख्या 2905, दिनांक 09.04.2007 में दर्ज है। **चौहद्दी: उत्तर में** – रमेश चंद्र गौड़ एवं अन्य, **दक्षिण में** – रमेश चंद्र गौड़ एवं अन्य, **पूर्व में** – रमेश चंद्र गौड़ एवं अन्य, **पश्चिम में** – 12 फीट चौड़ी सड़क.	रु. 46,30,987.70 (रुपये छियालीस लाख तीस हजार नौ सौ सतासी एवं पैसे सत्तर मात्र) एवं देय ब्याज तथा बैंक को देय अन्य खर्च	1. आरक्षित मूल्य रु. 94,52,680.00 2. अग्रधन जमा राशि रु. 9,45,268.00 3. बोली वृद्धि राशि रु. 10,000.00

नीलामी ऑनलाइन पोर्टल https://www.baanknet.in के माध्यम से होगी
ई–नीलामी की तिथि और समय : दिनांक 25.09.2026, समय : पूर्वाह्न 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक 10 मिनट असीमित समय विस्तार के साथ
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 24.09.2026, शाम 5:00 बजे तक, संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय : शाखा अधिकारियों से परामर्श लेने के बाद दिनांक 24.09.2026 को या उससे पहले

नियम एवं शर्तें : 1. बिक्री की विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया बैंक ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर दिए गए लिंक **https://www.bankofindia.bank.in** और **https://www.baanknet.in** को देखें। **2.** सफल बोलीदाता को बिक्री राशि का 25% राशि (EMD जमा राशि को जोड़कर) तुरंत उसके पक्ष में बिक्री स्वीकृत होने पर जमा करना होगा। शेष 75% राशि 15 दिनों के अंदर जमा करनी होगी, अगर इस दौरान वह राशि जमा करने में असमर्थ होता है तो बिक्री रद्द हो जायेगी और उसके द्वारा जमा राशि जप्त कर ली जायेगी।
अधिक जानकारी के लिए कृपया उल्लेखित शाखा से सम्पर्क करें : **श्री संकेत कुमार दुबे** – मोबाईल नंबर 7350837179 या **श्री संजय कुमार** – मोबाईल नंबर 9031201520.

नोट : यह ऋणी और जमानतदारों के लिए भी एक सूचना है।

दिनांक : 02.09.2026
स्थान : जमशेदपुर

नोट : त्रुटि / विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

ह०/– प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ़ इंडिया

दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए निम्नलिखित निविदा सें, के तहत ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं, खुलने की नियत तारीख **22.09.2026 को 15.00 बजे।** इन निविदाओं के लिए मैसूल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैसूलल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, बयाना राशि:** (1) **एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-82, दिनांक 31.08.2026;** सिंकसी – डुमेरुआ अनुभाग में 01 अदद नॉन इंटरलॉक्ड इलीनियरिंग एल.सी. गेट की इंटरलॉकिंग के लिए बदलाव कार्य, रु. 51,29,260; रु. 1,02,600; (2) **एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-83, दिनांक 31.08.2026;** निम्नलिखित के संबंध में एस ऐंड टी कार्य: (i) हलुदपुखुर-बहालदा रोड के बीच स्थित पुल सं. 36 के स्थान पर नए पुल का निर्माण तथा (ii) ऑलाजोरी-पादमगढ़ा तथा राजखरसावाँ-बन्दामुण्डा के बीच 03 अदद पुलों की रीगर्डरिंग, रु. 92,87,883.54, रु. 1,85,800/- (3) **एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-84, दिनांक 31.08.2026;** राजखरसावाँ-बन्दामुण्डा के बीच 8 अदद पुलों में वर्तमान रॉल 12.2 से स्टील गर्डरों का दीपावली स्लैबों में रूपांतरण, रु.1,57,57,747.55; रु.3,15,200; **समापन अवधि:** क्रमांक 1 के लिए 06 (छह) महीने तथा क्रमांक 2 एवं 3 के लिए 12 (बारह) महीने। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास वैलिड-डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होने चाहिए तथा आवश्यक रूप से आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होने चाहिए। ई-निविदा प्रणाली में सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र मुफ्त जारी किए जाएँगे। **(PR-707)**